# यूपीईएस ने फ्यूचरलर्न संग रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की



देहरादून, 1 फरवरी (नवोदय टाइम्स): भारत के प्रमुख बहु-विषयक विश्वविद्यालयों में से एक, यूपीईएस ने फ्यूचरलर्न के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। फ्यूचरलर्न एक वैश्विक ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म है जो शीर्ष विश्वविद्यालयों और उद्योग विशेषज्ञों से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

फ्यूचरलर्न नवीन और लचीले शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान करता है जो विभिन्न शिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। इस साझेदारी से, यूपीईएस समुदाय हजारों विशेषज्ञ-निर्देशित पाठ्यक्रमों, माइक्रोक्रेडेंशियल्स, ऑनलाइन डिग्रियों, एक्सपर्टट्रैक्स और कॉर्पोरेट प्रशिक्षण समाधानों से जुड़ सकेगा, जिससे उन्हें नवीनतम ज्ञान और कौशल प्राप्त करने में मदद मिलेगी। ये कार्यक्रम छात्रों और पेशेवरों को नए कौशल सीखने, मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्राप्त करने, विश्वविद्यालय समर्थित डिग्रियां प्राप्त करने, विषयों में महारत हासिल करने और अनुकूलित कॉर्पोरेट प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यबल को अपस्किल करने के लिए लचीले और सुलभ शिक्षण विकल्प प्रदान करते हैं। यूपीईएस के कुलपति, डॉ. राम शर्मा ने कहा यूपीईएस में हम आजीवन सीखने की संस्कृति को विकसित करने और समुदाय को सर्वोत्तम शैक्षिक संसाधनों से सशक्त बनाने को प्रतिबद्ध हैं। हमारा फ्यूचरलर्न के साथ साझेदारी हमारे दृष्टिकोण से मेल खाती है, जिसमें हम छात्रों, संकाय सदस्यों और उनके परिवारों की विविध आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लचीले, उच्च-गुणवत्ता वाले शिक्षण अवसर प्रदान करना चाहते हैं। फ्यूचरलर्न कैम्ब्रिज, किंग्स कॉलेज और यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन (यूसीएल) जैसी विश्व प्रसिद्ध संस्थानों के पाठ्यक्रम प्रदान करता है।